e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, रविवार, 14 जून 2020, आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष नवमी, संवत् 2076 विक्रमी वर्ष-13, अंक-239, पृष्ठ-8, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

तापमान	
अधिकतम	36.00
न्यूनतम	28.00
डिग्री सेल्सियस में	
सूर्योदय	05:12 बजे
सूर्यास्त	07:01 बजे

मंदिर में खंडित की गई मूर्तियों को लेकर हिंदू महासभा में रोष

लखनऊ। अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश ने जगतखेड़ा रायबरेली रोड स्थित भगवान षिव के प्राचीन मन्दिर में खण्डित की गयी मूर्तियों को लेकर कड़ा रोष व्यक्त करते हुये इस मामले में सरकार से इस मामले में तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कारवाई करने की मांग की है। उधर मंदिर में खण्डित की गयी मूर्तियों को लेकर थाना पीजीआई में रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। हिन्दू महासभा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष लखनऊ ऋषि त्रिवेदी ने कहा कि प्रदेश की राजधानी में इस प्राचीन मन्दिर में लगभग सभी मूर्तियों को खण्डित कर दी गयी, जिसकी जितनी भी निन्दा की जाये कम है। ऋषि त्रिवेदी ने घटना को पुलिस व प्रशासन पर मामला दबाये जाने का आरोप लगाते हुये कहा कि स्थानीय थाने की पुलिस किसी व्यक्ति द्वारा नशे की हालत में किया गया कृत्य बताकर पल्ला झाड़ने में लगी हुयी है।

एसएमएस ने तीसरी बार लिम्का बुक रिकार्ड में बनाई पहचान

लखनऊ। स्कूल ओफ मैनेजमेंट साइंसेस द्वारा वर्ष 2012 से लगातार वैश्विक तापमान ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन पर जनमानस जागरुक करने का कार्य चल रहा है। प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के सभी 28 जनपदों में प्रत्येक वर्ष माह अगस्त-सितम्बर से दिसम्बर-जनवरी तक स्कूल-कालेजों में पमफ्लेट वितरण, वीडियो व लेक्चर द्वारा विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों तथा अध्यापकों को जानकारी देते हैं। छात्र-छात्राओं में सवाल-जबाब के लिए टेस्ट कराया जाता है और प्रत्येक स्कूल-कालेज के 5-5 सफल छात्र-छात्राओं का फ़ाइनल ग्रीन क्वेस्ट टेस्ट में सम्मलित किया जाता है। उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। लाखों लोगों को जागृत कर पेड़-पौधे लगाने, बिजली की बचत व एलइडी बल्ब का उपयोग करने, खेती में गोबर की खाद के उपयोग, सोलर लाईट व पम्प लगाने को भ्ज्ञी जागरुक किया जा रहा है। एसएमएस के सचिव व कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने बताया कि ये भारतवर्ष का पहला तकनीकी कालेज है जिसे मात्र चार-माह की अवधि में लिम्का बुक रिकार्ड में स्थान दिया गया है। समारोह में निदेशक डॉ. मनोज महरोत्रा, महानिदेशक तकनीक डॉ. भरत राज सिंह, मुख्यमहाप्रंधक डॉ. जगदीश सिंह, डीन. डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, महाप्रबन्धक सुरेन्द्र श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष डॉ. पीके सिंह, डॉ. हेमंत कुमार सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, अपर महाप्रबन्धक प्रवीन सिंह आदि मौजूद रहे।